1473
11/08/2025

**दिनांक–06.08.2025 (बुधवार) को सचिव कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभागीय पदाधिकारियों के साथ लंबित एवं महत्वपूर्ण मामलों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

---

## पुरातत्व निदेशालय–

1. पुरातत्व निदेशालय द्वारा प्रक्रियाधीन योजनाओं से संबंधित भवन निर्माण विभाग को तकनीकी अनुमोदन हेतु भेजे गए प्राक्कलन के संदर्भ में भवन निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर तकनीकी अनुमोदन कराने का निदेश विभागीय अभियंता को दिया गया।

2. लखीसराय अवस्थित राजकीय सुरक्षित पुरास्थल बालगुदर की चहारदीवारी हेतु विभाग द्वारा दी गई प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ कराने हेतु जिला पदाधिकारी, लखीसराय से पत्राचार करने का निदेश दिया गया।

3. भागलपुर के कहलगाँव अवस्थित गंगा नदी में अवस्थित पहाड़ी के भू–भाग की जाँच के संबंध में अब तक प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में संग्रहालयाध्यक्ष, भागलपुर संग्रहालय, भागलपुर एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, भागलपुर से स्पष्टीकरण पूछते हुए दिनांक–06.08.2025 का वेतन स्थगित करने का निदेश दिया गया।

4. छठ पर्व के लिए डोजियर तैयार करने हेतु इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली को भेजे गए पत्र के सदर्भ में समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया।

5. विभागीय स्तर पर योजना/निर्माण से संबंधित पत्र भवन निर्माण विभाग को भेजी जाती जाती है उसकी प्रतिलिपि विभागीय अभियंताओं को भी देने का निदेश दिया गया।

## संग्रहालय निदेशालयः–

6. संग्रहालय निदेशालय अंतर्गत स्वीकृत सभी पदों से संबंधित निर्मित नियमावली की पुनः समीक्षा कर संचिका उपस्थापित करने हेतु निदेशक, संग्रहालय को निदेश दिया गया।

7. बुद्ध सम्यक् दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप, वैशाली में सिक्यूरिटी सिस्टम का आकलन करने हेतु जिला पदाधिकारी को पत्र भेजने का निदेश दिया गया। साथ ही निदेशक, संग्रहालय को वैशाली में बुद्ध सम्यक् संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप के निरीक्षण के दौरान पायी गयी त्रुटियों को बिन्दुवार तैयार कर साझा करने का निदेश दिया गया।

8. बुद्ध सम्यक् दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप, वैशाली अंतर्गत निर्मित मेडिटेशन सेन्टर में ए०सी० लगाने हेतु भवन निर्माण विभाग को पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

9. बुद्ध सम्यक् दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप, वैशाली में सिक्यूरिटी ऑडिट करने हेतु जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

10. बुद्ध सम्यक् दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप, वैशाली में पुस्तकालय में रखे जाने वाले पुस्तकों की सूची तैयार करते हुए निविदा के माध्यम से कार्य करने का निदेश दिया गया। साथ ही अन्य बौद्ध धर्म को मानने वाले देशों में उपलब्ध संबंधित पुस्तकों को भी पुस्तकालय मैं संग्रह करने एवं विभिन्न देशों के राजदूतों से पत्राचार करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया ताकि इसका प्रचार–प्रसार विश्व स्तर पर हो सकें।

11. बुद्ध सम्यक् दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप, वैशाली में कैफेटेरिया को आवश्यकतानुसार यथाशीघ्र निविदा के माध्यम से आगंतुकों हेतु संचालित करने का निदेश दिया गया एवं इस संग्रहालय में संविदा के आधार पर स्वीकृत बल नियुक्ति की प्रक्रिया भी सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया।

12. बुद्ध सम्यक् दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप, वैशाली में आगंतुकों के आवागमन को निरीक्षण करने हेतु टिकटिंग प्रणाली (कियोस्क) का न्यूनमत दर निर्धारित कर लागू करने का निदेश दिया गया। जिसमें एन०जी०ओ०, सोशल वेलफेयर संस्था, शैक्षणिक संस्था, जिला पदाधिकारी द्वारा अनुशंसित संस्थानों को संग्रहालय में निःशुल्क प्रवेश रखने का सुझाव दिया गया एवं संग्रहालय के आस–पास के सड़क के दोनों तरफ भूमि अधिग्रहण करने का निदेश दिया गया।

13. बुद्ध सम्यक् दर्शन संग्रहालय के सुचारू संचालन हेतु संचालन समिति गठित करने का निदेश दिया गया।

**सांस्कृतिक निदेशालयः–**

14. मुख्यमंत्री गुरू शिष्य परंपरा योजना का समाचार–पत्रों में प्रचार–प्रसार करने का निदेश दिया गया साथ ही 15 दिनों के अंदर योग्य गुरूओं का आवेदन आमंत्रित करने का सुझाव दिया गया ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र किया जा सके।

15. आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन हेतु शिक्षकों के चयन से संबंधित सहमति–पत्र तैयार कर यथाशीघ्र चयनित एजेंसी के साथ एकरारनामा करना सुनिश्चित किया

जाय। अगर चयनित एजेंसी द्वारा एकरारनामा करने में विलम्ब किया जाता है तो एजेंसी के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**16.** राज्य में TOIFA के आयोजन हेतु संचिका वित्त विभाग, बिहार को भेजी गई है। संबंधित संचिका की अद्यतन स्थिति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**17.** राज्य में Regional NSD Centre स्थापित करने हेतु 20 अगस्त, 2025 को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक से संबंधित पत्र तैयार करने हेतु निदेशित किया गया।

**18.** मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारियों को साप्ताहिक लक्ष्य आवंटित करने का निदेश दिया।

सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई।

11/8/25

**(प्रणव कुमार)** भा.प्र.से.
सरकार के सचिव,
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग।

ज्ञापांक 1473 / पटना, दिनांक 11/08 / 2025

प्रतिलिपिः–सभी निदेशक/संयुक्त सचिव/मा० मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/उप सचिव/कार्यपालक अभियंता/क्षेत्रीय उप निदेशक/महाप्रबंधक, बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम, पटना/परामर्शी (फिल्म)/परामर्शी (वित्त एवं लेखा), बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम, पटना/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0 टी0 प्रबंधक, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

11/8/25

**(रूबी)**
सरकार के संयुक्त सचिव।